**<u>प्रेस नोट</u>**
**<u>दिनांक 24.08.2025</u>**

## <u>जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा कजरीतीज पर्व को सकुशल ढंग से संपन्न कराने हेतु रिजर्व पुलिस लाइन गोंडा में जनपदीय पुलिस/बाहरी जनपदों से आए पुलिस बल को किया गया ब्रीफ, सम्बन्धित को दिए गए आवश्यक दिशा निर्देश –</u>

गोण्डा। आज दिनांक 24.08.2025 को जिलाधिकारी श्रीमती प्रियंका निरंजन व पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा कजरी तीज पर्व को सकुशल ढंस से सम्पन्न कराने हेतु ड्यूटी पर लगे अधिकारी/कर्मचारीगणों के साथ रिवर्ज पुलिस लाइन गोण्डा में ब्रीफिंग कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। महोदय द्वारा सभी अधिकारी/कर्मचारीगणों को सम्बोधित करते हुए बताया गया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष कजरी तीज का पर्व जनपद गोण्डा में दिनांक 25/26.08.2025 को मनाया जायेगा। इस पर्व के अवसर पर जनपद के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों तथा अन्य सीमावर्ती जनपदों बलरामपुर, बहराइच, श्रावस्ती एवं अयोध्या के दूरस्थ क्षेत्रों से अत्यधिक संख्या में श्रद्धालु कॉवरियों के रूप में सरयू घाट से स्नान कर जल लेकर लखनऊ–गोण्डा मार्ग से होते हुए थाना क्षेत्र कर्नलगंज के बरखण्डी नाथ मंदिर, थाना खरगूपुर क्षेत्रान्तर्गत पृथ्वीनाथ मंदिर तथा को0 नगर क्षेत्रान्तर्गत स्थित दुःखहरण नाथ मंदिर आदि पर जलाभिषेक करेंगें। इस पर्व की संवेदनशीलता एवं कॉवरियों की काफी संख्या में भीड़ को देखते हुए जनपद के प्रमुख स्थानों पर पुलिस प्रबन्ध किए गए है। महोदय द्वारा बताया गया कि सभी जोनल/सेक्टर पुलिस अधिकारी अपने–अपने क्षेत्र में लगातार भ्रमणशील रहकर ड्यूटी में लगाये गये पुलिस बल की समीक्षा कर उनकी स्वविवेक से समुचित स्थानों पर आवश्यक ड्यूटी लगाकर उनके कर्तव्यों के बारे में भली–भांति ब्रीफ करते हुए कजरीतीज पर्व को सकुशल सम्पन्न कराना सुनिश्चित करेंगें। उक्त पर्व के अवसर पर ड्यूटी पर लगें सभी प्र0नि0/निरीक्षक/थानाध्यक्ष सम्बन्धित जोनल पुलिस अधिकारी/सेक्टर पुलिस अधिकारी के दिशा–निर्देशों में कार्य करेंगे साथ ही अपने–अपने अभिदिष्ट क्षेत्रों में लगातार भ्रमणशील रहकर शांति एवं कानून व्यवस्था बनायें रखना सुनिश्चित करेंगे। ड्यूटी पर लगे सभी प्र0नि0/थानाध्यक्ष पर्याप्त संख्या में हमराह कर्मियों सहित रस्सा, लाउडहेलर, एण्टीराइट गन आदि के साथ ही ड्यूटी में रवाना होंगे। महोदय द्वारा आर0आई0 रेडियों को निर्देशित किया गया कि सूचनाओं के त्वरित अदान प्रदान हेतु समस्त वायरलेस सेटों को चेक करा लेंगे तथा बैट्री आदि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करेंगें। समस्त सीसीटीवी कण्ट्रोल रूम प्रभारी मंदिर के अन्दर व परिसर की गतिविधियों पर एक साथ सतर्क दृष्टि बनायें रखेंगें। महोदय द्वारा स्थानीय अभिसूचना इकाई एवं अन्य अभिसूचना तंत्रों को और अधिक सक्रिय रहकर कानून व्यवस्था को प्रभावित करने वाली सूचनाओं की जानकारी करने तथा सोशल मीडिया सेल को विभिन्न प्लेटफार्मो फेसबुक, इंस्टाग्राम, टिवटर एवं व्हाट्सएप आदि पर सतर्क दृष्टि रखते हुए भ्रामक सूचना प्रसारित होने पर विधिक कार्यवाही करते हुए तत्काल उसका प्रभावी खण्डन करवाने हेतु निर्देशित किया गया। महोदय द्वारा यह भी बताया गया कि कजरी तीज पर्व में लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ होती है जिसका फायदा उठाकर अवांछनीय तत्व छेड़खानी करने तथा चेन स्नेचिंग जैसी घटनाओं को कारित करते है ऐसी घटनाओं को रोकने हेतु एण्टीरोमीयों टीम सादे वर्दी मे भ्रमणशील रहकर अवांछनीय तत्वों की गतिविधियों पर सतर्क दृष्टि बनाये रखेंगी। मुख्य स्थानों तथा सरयू घाट के दोनो घाटों से 250 मीटर की दूरी तक तथा मन्दिरों से 250 मीटर की दूरी तक कोई दुकाने नही लगेंगी तथा सम्बन्धित अधिकारी इसे सुनिश्चित करेगें कि श्रद्धालुओं के लिए पर्याप्त जगह बनी रहे। प्रत्येक जगह पर सी0सी0टी0वी0 कैमरों से निगरानी व संवेदनशील इलाकों में ड्रोन कैमरों की मदद से चप्पे–चप्पे पर नजर रखी जायें। पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा कजरी तीज पर्व को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु आवश्यक पुलिस प्रबन्ध किए गए है जिसमें महोदय द्वारा **<u>जनपद प्रयागराज से पहली बार फ्लोटिंग बैरियर को मंगवाकर सरयूघाट में लगवाया गया है</u>** तथा सम्पूर्ण पुलिस प्रबन्ध में जनपदीय व गैरजनपदीय के 03 अपर पुलिस अधीक्षक, 16 पुलिस उपाधीक्षक, 30 प्र0नि0/थानाध्यक्ष/निरीक्षक सहित पर्याप्त संख्या में पुरूष/महिला आरक्षियों की ड्यूटी

लगायी गयी है। इसके अतिरिक्त 07 प्लाटून पी0ए0सी0, जल पुलिस, अग्निशमन पुलिस को भी लगाया गया है तथा 04 क्यूआरटी का गठन किया गया है। आकस्मिक प्रकाश व्यवस्थापन हेतु ड्रेगन लाइट की व्यवस्था की गयी है। महिला श्रद्धालुओं के दृश्टिगत अवांछनीय तत्वों/चेन स्नेचिंग जैसी घटनाओं की रोकथाम हेतु 04 एण्टीरोमियों टीम का गठन किया गया है। सूचनाओं के त्वरित गति से आदान प्रदान हेतु सब कण्ट्रोल रूम की स्थापना की गयी है जिसके प्रभारी आर0आई0 रेडियों गोण्डा होंगे। मंदिरों पर सी0सी0टी0वी से निगरानी हेतु सी0सीटी0वी0 कण्ट्रोलरूम की स्थापना की गयी है। जोनल प्रभारी अपर पुलिस अधीक्षक स्तर के व सेक्टर प्रभारी पुलिस उपाधीक्षक स्तर के अधिकारी की ड्यूटी लगायी गयी है। श्री मनोज कुमार रावत अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी गोण्डा को प्रथम जोन, श्री विशाल पाण्डेय अपर पुलिस अधीक्षक बलरामपुर को द्वितीय जोन, श्री राधेश्याम राय अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी गोण्डा को तृतीय जोन का प्रभारी बनाया गया है।

**इस अवसर पर ड्यूटी पर लगे जनपदीय/बाहरी जनपद से आये हुए राजपत्रित अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहें।**

**मीडिया सेल, गोण्डा।**

**<u>प्रेस नोट</u>**
**<u>दिनांक 24.08.2025</u>**

**<u>थाना को0 देहात पुलिस व एस0ओ0जी0 टीम की संयुक्त कार्यवाही में पुलिस मुठभेड़ के उपरान्त शातिर अभियुक्त पुलिस की गोली लगने से घायल, कब्जे से अवैध असलहा व बिना नम्बर प्लेट की मोटरसाईकिल बरामद–</u>**

श्रीमान पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री मनोज कुमार रावत के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर श्री आनन्द कुमार राय के नेतृत्व में एस0ओ0जी0 व थाना को0 देहात की संयुक्त टीम द्वारा पूरे उदई से धर्मीपुरवा जाने वाली सड़क पर पुलिस मुठभेड़ के दौरान शातिर अभियुक्त–शनी सिंह पुत्र जसवन्त सिंह नि0 सकरौरा थाना मटेरा जनपद बहराइच को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 01 अदद अवैध तमंचा 315 बोर मय 01 अदद जिन्दा व 01 अदद खोखा कारतूस व 01 अदद बिना नम्बर प्लेट की प्लेटिना मोटरसाईकिल बरामद किया गया।

**<u>घटना का संक्षिप्त विवरण–</u>**
दिनांक 22.08.2025 को थाना को0 देहात क्षेत्रांतर्गत ग्राम पूरे ललक में एक 18 वर्षीय बालिका का शव उसके धान के खेत में मिला था। सूचना पर तत्काल स्थानीय पुलिस व उच्चाधिकारीगण द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया तथा फील्ड यूनिट/डॉग स्क्वाड टीम द्वारा साक्ष्य संकलन की कार्यवाही की गयी। वादी पुजारी पासवान पुत्र स्व0 नानमून नि0 पूरे ललक थाना को0 देहात जनपद गोण्डा की लिखित तहरीर के आधार पर थाना को0 देहात में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत हुआ था। घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा तत्काल अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी के पर्यवेक्षण में 04 पुलिस टीमों का गठन किया गया तथा प्रभारी एस0ओ0जी0/सर्विलांस को भी घटना के सफल अनावरण हेतु लगाया गया था। लगातार सुराग–साक्ष्य संकलन व तकनीकी निगरानी के माध्यम से आज दिनांक 24.08.2025 को थाना को0 देहात व एस0ओ0जी0 की संयुक्त टीम क्षेत्र में भ्रमणशील थी। इसी दौरान मुखबिर खास द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि उक्त घटना में संलिप्त अभियुक्त पूरे उदई की तरफ बिना नम्बर प्लेट की मोटरसाइकिल से आ रहा है। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त को ग्राम पूरे उदई से धर्मी पुरवा जाने वाले सड़क मार्ग पर पकड़ने का प्रयास किया गया। जिसमें अभियुक्त द्वारा स्वयं को घिरता हुआ पाकर पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी गयी। आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम की जवाबी फायरिंग में अभियुक्त सनी सिंह के पैर में गोली लगी जिसे उपचार हेतु जिला अस्पताल गोण्डा में भर्ती कराया गया। पुलिस द्वारा अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद अवैध तमंचा 315 बोर मय 01 अदद जिन्दा व 01 अदद खोखा कारतूस व 01 अदद बिना नम्बर प्लेट की प्लेटिना मोटरसाईकिल बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना को0 देहात में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्तगण–</u>**
01. सनी सिंह पुत्र जसवन्त सिंह नि0 सकरौरा थाना मटेरा जनपद बहराइच।

**<u>अनावरित अभियोग–</u>**
01. मु0अ0सं0–395/25, धारा 103(1),64(1) बीएनएस थाना को0 देहात जनपद गोण्डा।

**<u>पंजीकृत अभियोग–</u>**
01. मु0अ0सं0–398/25, धारा 109(1) बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना को0 देहात जनपद गोण्डा।

**<u>बरामदगी–</u>**

01. 01 अदद अवैध तमंचा 315 बोर मय 01 अदद जिन्दा व 01 अदद खोखा कारतूस बरामद।
02. 01 अदद प्लेटिना मोटरसाईकिल बिना नम्बर प्लेट।

**<u>गिरफ्तारकर्ता टीम–</u>**

01. प्र0नि0 संजय कुमार सिंह थाना को0 देहात।
02. एस0ओ0जी0 प्रभारी गौरव सिंह तोमर।
03. व0उ0नि0 कमल शंकर चतुर्वेदी।
04. उ0नि0 सौरभ सिंह।
05. उ0नि0 राहुल मौर्या
06. उ0नि0 अक्षय चौधरी।
07. उ0नि0 सुनील पाल।
08. उ0नि0 आत्मा सिंह।
09. हे0का0 रणधीर सिंह एसओजी0
10. हे0का0 अमित पाठक।
11. हे0का0 राकेश सिंह
12. हे0का0 महेन्द्र।
13. हे0का0 लोकेश नागर।
14. हे0का0 पंकज सिंह।
15. हेड बृजभूषण सिंह
16. हेड का0 छोटे लाल।
17. हेड का0 शैलेन्द्र राय।
18. का0 रोहित सिंह
19. का0 जागेश्वर गौड़।
20. का0 अजय प्रताप सिंह।
21. का0 भरत चौहान।

**<u>मीडिया सेल, गोण्डा।</u>**